## Editorial

# 3rd Wage Revision – Need to Rethink

The entire employees of BSNL are eagerly looking for implementation of 3rd wage revision from 01.01.2017 but it has become a rarity for them. The Department of Public Enterprises (DPE) issued a guide line for the implementation of PRC/ wage revision for PSUs with a condition of affordability and financial sustainability in PSU which want to implement wage revision in its company. The BSNL is a loss making company since 2008-2009 and the wage revision is not possible without liberty from the union govt to provide relaxation in affordability Clause for the BSNL. It is beyond the understanding that if the company is not in profit, how the non-executive employees are responsible for that. The BSNL is service provider company and it runs according to policy and planning decided by the Govt. In want of proper infrastructure and need based required technology the customers prefer to use the services of private Telecoms and the BSNL revenue is declining day by day.

In the data-based era, to get the better data speed a huge number of subscribers are porting out from the BSNL. This issue has been brought to the notice of top-level management of BSNL as well to the Govt of India but no steps have been taken towards remedy to provide the need based Technology and required infrastructure and for the loss of the company the employees are made scapegoat and the implementation of 3rd wage revision is denied to them. The BSNL workers are always stand with the cause of nation. The workers stand with the nation even in very difficult situation and it is on record that the BSNL workers have worked at the time of earth quake, any natural disaster, floods and they have made record to continue the communication at very difficult time. The latest example chandrayan-3 is before the nation when BSNL workers have provided the connectivity with the chandrayan-3 till completion of the mission.

The BSNL workers were in faith that the Govt. will give some special treatment to BSNL workers and the Govt will relax the condition of DPE guideline on affordability clause for implementation of 3rd wage revision to non-excutives.

After getting no scope from the govt the workers started struggles and to maintain the industrial peace in the company the DOT directed the CMD, BSNL to start negotiation with the workers through their representative of recognised unions but the direction was with the same condition as it was mentioned in the DPE guideline.

The wage revision committee was constituted and after continuous meetings with staff side as well as official side members reached on an agreement in respect of scales of NEI to NE 12 but the agreement was not signed and the meeting of the committee was stopped further. The agreed pay scales were kept in cold box.

In between the govt appointed I.I.M. Ahmadabad to study for revival of BSNL company and on its recommendation revival package was approved by the union cabinet on 23.10.2019. The VRS was the main factor of that revival package and it was implemented on 31st December 2020 with a good bye to 78648 employees from BSNL.

After VRS the salary of remaining staff

of the strength of employees was not being paid on due time. Due to high resentment among the workers again struggle was started by the workers and the wage revision committee was reconstituted and its meeting started in Dec 2021. Till this time the 7th meeting of wage revision committee have conducted but the stalemate is continuing as the management adamantly denied to scales finalised in the year 2018, and to display the scale based on 78.2% IDA which was implemented for the workers from 13.6.2013 after duly approved by the union cabinet.

The management side framed a scale with less span on the plea that the BSNL will have to pay more pension contribution if the upper band of the scales are high. Staff side members pointed out that due to the short spans of the existing scales which is implemented from 01.01.2007, the more that 60% non-executives' employees are facing stagnation. Again, after little bit correction the management has placed the scale in sixth meeting of 2022. NFTE (BSNL) organised "call attention and protest week" from 13th to 17th Feb. 2023 and as outcome of the protest the 7th meeting of wage revision committee was called an 5th March 2024. The entire non-executive employees of BSNL were in much hope that the issue of scales will be finalised in this meeting which satisfy all the cadres of non-executive employees, but the management come with the similar proposal as it was in 6th meeting of 2022.

The staff side leaders met with the CMD after meeting of the wage revision committee on 5th March 2024 and requested him to intervene to have change in some scales but CMD told that the official side has reported that the scales have been framed carefully to protect the stagnation upto 95% and the pay protection will be given if it occur for any individual or group of employees.

We are all aware that there will be no any fitment formula as per the guideline of DPE as the affordability clause has not been relaxed by the cabinet. The management side stand is that pay will be fixed with merger of 119.5% IDA as on 01.01.2017 with zero present fitment.

The young and better educated junior engineers are not satisfied with the scale proposed as NE-9, they want enhancement of multiple factor, which is considerable, and the leaders of all corners, should take care on the genuine grievance of the J.E cadre, but some elements which having authority without responsibility are spreading rumers and making the situation more complicated. The NFTE (BSNL) is of firm opinion that at this Juncture all section of the Union/Association leaving all the differences should sit together to bring the unanimous solution so that the scales of the non-executives may framed with satisfaction of all the corner of employees.

It is fact that without relaxation in affordability clause of DPE guideline. The BSNL management will never be agree for any fitment.

In the circumstances we should think over the situation very seriously and search out a mechanism to make the issue of wage revision resolved smoothly as the employees are loosing a lot continuously NFTE is ready to discuss and review upon the issue in this critical situation.

**NFTE Zindabad**

**Workers Unity Zindabad**

**संपादकीय**

# तृतीय वेतन पुनरीक्षण–पुनर्विचार आवश्यक

बी.एस.एन.एल. के समस्त कर्मचारी 01.01.2017 से लागू होने वाली वेतन पुनरीक्षण के तरफ व्यग्रता से देख रहे हैं, परन्तु यह तृतीय वेतन पुनरीक्षण इनके लिए दुर्लभ होता प्रतीत हो रहा है। लोक उपक्रम विभाग ने तृतीय वेतन पुनरीक्षण हेतु एक दिशा निर्देश जारी किया था, जिसके तहत शर्त दी गई है कि जिस लोक उपक्रम में 01.01.2017 के पहले आर्थिक सामर्थ्य एवं आर्थिक निरंतरता जारी हो वो उपक्रम अपने कर्मचारियों के लिए तृतीय वेतन पुनर्निधारण को आगे बढ़ा सकते हैं।

बी.एस.एन.एल. घाटे में चलने वाली लोक उपक्रम है। यह कंपनी 2008–2009 से घाटे में चल रही है। अतएव लोक उपक्रम विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार इस कंपनी के कर्मचारियों के लिए वेतन पुनरीक्षण नहीं हो सकता, जबतक की सरकार के मंत्री परिषद द्वारा आर्थिक सामर्थ एवं आर्थिक निरंतरता के शर्तो को शिथिल न कर दिया जाये।

बी.एस.एन.एल. एक सेवा प्रदाता लोक उपक्रम है और यह भारत सरकार की नीति एवं योजना के आधार पर कार्य करती है। अतएव लाभ एवं हानि के लिये कर्मचारियों को दोषी ठहराना उचित प्रतीत नहीं होता है। एक ओर सरकार बी.एस. एन.एल. को वांछित बुनियादी ढ़ाचा के लिए साजो–समान उपकरण मुहैया नहीं कराती एवं समयानुसार उपभोक्ताओं के विकसित तकनिकी का इंतजाम नहीं करती। दूसरी ओर इन कारणो से कंपनी के राजस्व में क्षति होती हैं तो सरकार उस नुकसान के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदार कहराती है।

वर्तमान समय में समाजिक गतिविधियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कोई भी बैंकिंग सेवा, बीमा सेवा सभी के लिये त्वरित एवं तेज डाटा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। परन्तु बी. एस.एन.एल. इस तरह की सेवा देने में पिछड़ रही है। जिसके कारण भारी मात्रा में उपभोक्ता बी.एस.एन.एल. को छोड़कर दूसरे कंपनीयों में अपनी सेवा स्थानान्तरित कर रहे हैं। इस विषय को संगठनों द्वारा बी.एस.एन.एल. के उच्च प्रबंधन एवं सरकार के संज्ञान में लाते रहे हैं, परन्तु इसके सुधार के लिये एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाये गये हैं, और इन सब खामियों के लिए कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाते हुये उन्हें तुतीय वेतन पुनरीक्षण से वंचित किया जा रहा है।

यह देखा गया है के बी.एस.एन.एल. कर्मचारी सदैव देश हित में कार्य करते है। ये कर्मचारी देश के साथ किसी भी संकट में खड़े रहते हैं। कोई भी प्राकृति विपदा होने पर सभी निजि दूरसंचार सेवा प्रदात्ता कंपनीयां अपने सेवायें बंद कर देती है और वैसे समय में बी.एस.एन.एल के कर्मचारी देश हित में दूरुह स्थिति में भी दूरसंचार सेवा जारी रख कर राष्ट्रीय जनजीवन को सुकुद देते है। अभी ज्वलंत चद्रायण–3 से संबधित है। इस मिशन में बी.एस.एन.एल कर्मचारियों ने चंद्रायण–3 के मिशन पूरा होने तक संचार सेवाएं जारी रखे है।

बी.एस.एन.एल कर्मचारी ये विश्वास रखते थे कि भारत सरकार उनके लिए विशेष वर्ताव करते हुये बी.एस.एन.एल. कर्मचारियों के लिए लोक उपक्रम विभाग द्वारा तृतीय वेतन पुनरीक्षण के लिए रखे गये शर्तो को शिथिल करेगी और कर्मचारियों के लिए वेतन पुनरीक्षण लागू करने की व्यवस्था करेगी।

सरकार के तरफ से ना उम्मीद होने के पश्चात कर्मचारियों ने संघर्ष का रास्ता अपनाया जिसके कारण भारत सरकार के दूरसंचार विभाग बी.एस.एन.एल. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेश को मान्यता प्राप्त संगठनों के साथ वार्ता के द्वारा तृतीय वेतन पुनरीक्षण के लिए समझौता करने की दिशा में कार्यवाई का निर्देश दिया, परन्तु इस निदेश में भी लोक उपक्रम द्वारा लगाये गये शर्तो को जारी रखा गया।

वेतन पुनरीक्षण समिति का गठन किया गया और कई बैठक होने के पश्चात प्रबन्धन पक्ष एवं कर्मचारी पक्ष के सदस्यों ने पूर्ण सहमति के साथ एन.ई.–1 से एन.ई.–12 तक के वेतनमानों को पूर्ण सहमति के साथ सृजन किया परन्तु दोनों पक्षों के हस्ताक्षर होने के पूर्व ही गतिरोध पैदा कर दी गई और समझौता पूर्ण नहीं हो सका तथा दोनों पक्षों द्वारा सहमति प्राप्त वेतनमान को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

इसी बीच भारत सरकार ने आई.आई.एम. अहमदाबाद को बी.एस.एन.एल. के गिरती हुई स्थिति में सुधार हेतु अध्ययन करने तथा इसके उन्नययन के लिये विचार अनुशंसित करने के लिए नियुक्त किया। इस संगठन के अनुशंसा पर आधारित एक पुनरूध्थान पैकेज को दिनांक 23.10.2019 को भारत सरकार के मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया। इस

अनुमोदन मे बी,आर.एस. मुख्य बिन्दु था जिसे सरकार ने 31 जनवरी 2020 को लागु किया जिसके मार्फत बी.एस.एन.एल. के 78648 कर्मचारियों को कंपनी से बाहर जाना पड़ा।

बी.आर.एस. के बाद बचे हुये कर्मचारियों के लिए समय पर वेतन मिलना मुश्किल हो गया। आक्रोशित कर्मचारियों ने संघर्ष का रास्ता अपनाया और उसी संघर्ष के चलते वेतन पुनरीक्षण कमिटी का पुनर्गठन किया गया। अभी तक इन पुनर्गठित समिति की सात बैठकें हो चुकी है। परन्तु गतिरोध जारी है। क्योंकि कर्मचारी पक्ष के लोग सन् 2018 में प्रबन्धन एवं संगठन द्वारा सहमति प्राप्त निर्धारित वेतनमान को लागू करने से प्रबन्धन पक्ष ने मना कर दिया और कर्मचारी पक्ष की मांग जिसके तहत 78.2 प्रतिशत औद्योगिक मंहगाई भत्ता के समाहित कर के 9.4 प्रतिशत वेतन लाभ 13.06.2013 दिया गया उसके अनुरूप वेतनमान जारी करने की मांग को भी प्रबंधन पक्ष ने खारिज कर दिया।

प्रबन्धन पक्ष के एक नया वेतनमान लेकर बैठक में कर्मचारी पक्ष को दिया। इस वेतनमान में ऊपरी सीमा बहुत कम रखी गई। इसपर कर्मचारी पक्ष ने सवाल उठाया कि पूर्व में 01.01.2007 से जो वेतनमान बनाये गये थे उसमें भी उपरी सीमा कम रखी गई थी जिसके कारण 60 प्रतिशत नन–एक्सक्यूटीव कर्मचारी वेतन ठहराव का सामना कर रहे हैं। अतएव प्रबन्धन द्वारा जारी किये गये इस वेतनमान से कर्मचारी पक्ष सहमत नहीं है। कर्मचारी पक्ष के इस विरोध के पश्चात प्रबन्धन पक्ष ने 2022 के छठी बैठक में थोड़ा संशोधन के बाद पुनः वेतनमान को रखा। कर्मचारी पक्ष असंतुष्ट हो गये और एन.एफ.टी.ई. संगठन ने 12 फरवरी 2023 से 17 फरवरी 2023 तक ध्यानाकर्षण एवं प्रतिरोध सप्ताह का आयोजन किया, जिसके फलस्वरूप वेतन पुनरीक्षण समिति की सातवीं बैठक 5 मार्च 2024 को आहुत की गई और इस बैठक में पुनः प्रबन्धन पक्ष ने 2022 के छठी बैठक में जारी किये गये वेतनमान को ही प्रस्तुत किया। बैठक अधूरी रही और इसके समाप्ति के बाद कर्मचारी पक्ष के नेताओं ने सी.एम.डी. से मुलाकात की तथा अनुरोध किया कि उनके द्वारा हस्तक्षेप करने के बाद ही गतिरोध दूर हो सकता है। अतः कृपया हस्तक्षेप करते हुये कर्मचारियों के लिए ऐसे वेतनमान का सृजन कराया जाये जिसमें 2027 तक वेतन ठहराव का मामला नहीं आ सके। माननीय सी.एम. डी. ने कर्मचारी नेताओं को बताया कि प्रबन्धन पक्ष के लोग जो वेतन पुनर्निधारण समिति में है उन्होने बताया है कि किसी भी वेतनमान में 95 प्रतिशत वेतन ठहराव होने का गुंजाईस नहीं है। अगर कर्मचारी पक्ष को ऐसा प्रतीत होता है तो वो बैठक में उस बिन्दु को उजागर करें। नये वेतनमान लागू होने के बाद अगर किसी व्यक्तिगत कर्मचारी या कर्मचारियों के समूह को किसी प्रकार की वेतन में क्षति होती है तो उसे पूर्णरूप से संरक्षित किया जायेगा।

हम सभी जानते हैं कि सरकार द्वारा अगर लोक उपक्रम विभाग के दिशा निदेशों में लगाये गये आर्थिक सामर्थता के सवाल को शिथिल नहीं किया जायेगा तो किसी प्रकार का फिटमेंट लाभ नहीं मिलने वाला है। इसके मद्देनजर प्रबन्धन पक्ष का कहना है कि 01.01.2007 को कर्मचारी के मूल वेतन में 119.5 प्रतिशत औद्योगिक मैंहगाई भत्ता का विलयन करते हुये 0 प्रतिशत फिटमेंट लाभ के साथ वेतन निर्धारण किया जायेगा।

इस निर्णय से युवा एवं शिक्षित कनीय अभियंता संवर्ग के साथ वेतनमान एन.ई–9 में दिये गये वेतनमान से पूर्णतः असंतुष्ट है और वे इसमें सुदृढ़ बदलाव चाहते है एन.एफ.टी.ई इन साथियों के मांग के समर्थन करते हुये सभी संगठनों के नेताओं से अनुरोध करती है कि इस संवालों के सुदृढ़ हल के लिये सभी साथ बैठकर निर्णय लें। परन्तु दुर्भाग्यवश कुछ ऐसे तत्व जो बिना दायित्व के अधिकार प्राप्त हैं, कुछ तत्थहीन अफवाहों को फैलाकर स्थिति को और भयानक बना रहे हैं। ऐसे स्थिति में एन.एफ.टी.ई. बी.एस.एन.एल. का दृढ़ विचार है कि सभी यूनियन एवं एशोसियेसन के साथी सभी भेदभाव को भूलाकर एक साथ बैंठे और इस वेतन पुनरीक्षण के लिए उचित वेतनमान के निर्धारण के लिये गहन विचार विमर्श के उपरोक्त एक सर्वसम्मति निर्णय लें। जिससे नन–एक्सक्यूटीव कर्मचारी संतुष्ट हो सके और उचित वेतन पुनरीक्षण लागू कराई जा सके।

यह सत्य है कि बिना सामर्थता के बिन्दु को शिथिल किये हुये बी.एस.एन.एल. प्रबन्धन कभी भी, किसी फिटमेंट लाभ के लिए सहमत नहीं होगी।

इन परिस्थिति में हमें पुर्नविचार करते हुये हमें एक ऐसा निर्णय लेना है कि वेतन निर्धारण के मुद्दे को सरलता से सुलझाया जा सके। इसलिए कि सभी कर्मचारियों को लगातार आर्थिक क्षति हो रही है। एन.एफ.टी.ई. इस दुरूह परिस्थिति में किसी भी संगठन के साथ बैठकर रास्ता तय करने को तैयार है।